Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



कक्षा - 11

लेखाशास्त्र - II

अध्याय - 8

वित्तीय विवरण - 1

भाग - 1

वित्तीय विवरण का अर्थ तथा
पूँजीगत व आयगत मदें

मनीष कुमार सोनी

Under CSR Support by ipca | Foundation

विवरण (Overview)

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



1. वित्तीय विवरण का अर्थ तथा पूँजीगत व आयगत मदें
2. व्यापार खाता
3. लाभ हानि खाता
4. तुलन पत्र या चिट्ठा

Under CSR Support by ipca Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



वित्तीय विवरण
(Financial Statement)

वित्तीय विवरणों से आशय ऐसे विवरणों से है जो लेखांकन अवधि के अन्त में व्यवसाय की लाभप्रदता और वित्तीय स्थिति को प्रदर्शित करते है।

☛ वित्तीय विवरणों में सामान्यत: दो विवरणों को सम्मिलित किया जाता है :-

- ✧ आय विवरण
- ✧ स्थिति विवरण

→ अंतिम खाते (Final Account)

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



वित्तीय विवरणों द्वारा प्रदान की गई सूचनाओं के उपयोगकर्ता

नाम	आंतरिक/बाह्य उपयोगकर्ता	व्यापार में भागीदारी का उद्देश्य	लेखांकन सूचना की आवश्यकताएं
वर्तमान स्वामी	आंतरिक	व्यापार में निवेश और उससे समृद्धि	व्यापार के गत लेखांकन सत्र के लाभ की जानकारी, परिसंपत्ति/दायित्व की वर्तमान स्थिति की अहम जानकारी।
प्रबंधक	आंतरिक	पेशेवर स्वामी के प्रतिनिधि	लेखांकन सूचना के वित्तीय विवरण के रूप में जैसे प्रतिवेदन के रूप में कार्यकाल और लाभ तथा वित्तीय स्थिति की अहम जानकारी।

Under CSR Support by ipca Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



नाम	आंतरिक/बाह्य उपयोगकर्ता	व्यापार में भागीदारी का उद्देश्य	लेखांकन सूचना की आवश्यकताएं
सरकार	बाह्य	इसका कार्य व्यवस्थापक के रूप में जनहित कानूनों को तैयार करना	सभी पणधारियों के हितों को सुरक्षित रखना। चूंकि सरकार व्यापार करों को लगाती है, अतः ये व्यापार में होने वाले लाभ में विशेष रुचि रखते हैं इसके अतिरिक्त कई जानकारियों को भी प्राप्त करते हैं।

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan



नाम	आंतरिक/बाह्य उपयोगकर्ता	व्यापार में भागीदारी का उद्देश्य	लेखांकन सूचना की आवश्यकताएं
प्रत्याशित स्वामी निवेशक	बाह्य	समृद्धि की दृष्टि से व्यापार में धन निवेश में रुचि रखता है।	व्यापार के गत लाभों तथा वित्तीय स्थिति के साथ भविष्य के निष्पादन से संबंधित सूचनाएं प्राप्त करने की इच्छा।
बैंक	बाह्य	बैंक के मूलधन की सुरक्षा और समयावधि के साथ उसकी प्राप्ति में रुचि रखता है।	बैंक को लाभ में रुचि होती है क्योंकि इसी से उसकी ब्याज के साथ मूलधन की वापसी निश्चित होती है व्यापार में संपत्ति व मुद्रा की तरलता को भी रखता है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

पूँजी और आगम के मध्य भेद

आगम — Capital / Revenu

अंतिम खाते

- लेखांकन में अंतिम महत्वपूर्ण अन्तर पूँजी और आगम मदों के मध्य होता है।
- व्यापार व लाभ और हानि खाता व तुलन-पत्र तैयार करने में यह अन्तर अहम भूमिका अदा करता है।



- व्यापार व लाभ और हानि खाता आगम मदों के भाग हैं जो पूँजी मदों की सहायता से तुलन-पत्रों को तैयार करते हैं।

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan



पूंजीगत व्यय तथा आयगत व्यय में अंतर

अन्तर का आधार	पूँजीगत व्यय (Capital Expenditure)	आगम व्यय (Revenue Expenditure)
उद्देश्य	यह किसी स्थायी सम्पत्ति को क्रय करने अथवा इसके निर्माण करने के लिए किए जाते हैं।	यह व्यवसाय के दिन-प्रतिदिन के संचालन के लिए किए जाते हैं।
लाभोपार्जन क्षमता	यह व्यवसाय की लाभोपार्जन क्षमता में वृद्धि करते हैं।	यह व्यवसाय की लाभोपार्जन क्षमता को वर्तमान स्तर तक बनाए रखने के लिए किए जाते हैं।
अवधि	इनसे एक से अधिक वर्षों तक लाभ प्राप्त होता रहता है।	इनसे अधिकतम एक वर्ष तक ही लाभप्राप्त होता है।

Under CSR Support by ipca Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



पूंजीगत व्यय तथा आयगत व्यय में अंतर

अन्तर का आधार	पूँजीगत व्यय (Capital Expenditure)	आगम व्यय (आयगत) (Revenue Expenditure)
लेखांकन व्यवहार	इसे इससे सम्बन्धित सम्पत्ति के खाते में डेबिट किया जाता है।	इसे इससे सम्बन्धित व्यय के खाते में डेबिट किया जाता है।
खाते की प्रकृति	यह एक वास्तविक खाता है।	यह एक नाममात्र खाता है।
प्रस्तुतीकरण	इसे स्थिति विवरण (Balance Sheet) में प्रदर्शित किया जाता है।	इसे लाभ-हानि खाते (Profit and Loss Account) में प्रदर्शित किया जाता है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER





वित्तीय विवरणों के उद्देश्य

- वित्तीय विवरणों को तैयार करने के मूलभूत उद्देश्य–
  - व्यापार के वित्तीय निष्पादन का सत्य व स्पष्ट प्रस्तुतीकरण
  - व्यापार की वित्तीय स्थिति का सत्य व स्पष्ट प्रस्तुतीकरण

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan

☛ इस उद्देश्य को पूर्ण करने के लिये निम्नलिखित वित्तीय विवरण तैयार किये जाते हैं–



व्यापारिक खाता Trading a/c
सकल लाभ की गणना करता है।

लाभ और हानि खाता Profit & Loss a/c
शुद्ध लाभ या हानि दिखाता है।

तुलन-पत्र Balance sheet
वित्तीय स्थिति का सारांश देता है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

सीखने के प्रतिफल (Learning Outcomes)

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



1. वित्तीय विवरणों के उपयोगकर्ता
2. पूंजीगत तथा आयगत मदों के संबंध में जानकारी

Under CSR Support by ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



1 अंतिम खातों में शामिल है-

- अ व्यापार खाता
- ब लाभ और हानि खाता
- स तुलन पत्र
- ✓ द उपरोक्त सभी

Under CSR Support by ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



2 अंतिम खातों को बनाने का उद्देश्य क्या है-

अ व्यवसाय की लाभप्रदता का मूल्यांकन करना

ब व्यवसाय की वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन करना

स (अ) व (ब) दोनों

द इनमें से कोई नहीं

Under CSR Support by ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



3 निम्न में से कौनसा पूँजीगत व्यय का उदाहरण है?

अ मशीनरी की मरम्मत

ब भवन का निर्माण

स कच्चे माल की खरीद

द कर्मचारियों का वेतन

Under CSR Support by ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



4 पूंजीगत व्यय और आयगत व्यय के बीच मुख्य अंतर क्या है?

अ पूंजीगत व्यय दीर्घकालिक लाभ के लिए होता है, जबकि आयगत व्यय अल्पकालिक लाभ के लिए होता है।

ब पूंजीगत व्यय अचल संपत्तियों पर होता है, जबकि आयगत व्यय चालू संपत्तियों पर होता है।

स पूंजीगत व्यय एकमुश्त होता है, जबकि आयगत व्यय आवर्ती होता है।

द उपरोक्त सभी